# कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, दरभंगा

बिहार शिक्षा परियोजना
शिक्षा भवन, करमगंज, दरभंगा

Bihar Education Project
Shiksha Bhawan, Karamganj,
Darbhanga-846001

पत्रांक..................

दिनांक..................

## कार्यालय आदेश

जिले के सभी प्रखंडों में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में वार्डेन–सह–शिक्षिका, अंशकालिक शिक्षिका (भाषा), अंशकालिक शिक्षिका (विज्ञान एवं गणित), अंशकालिक शिक्षिका (सामाजिक विज्ञान) एवं लेखपाल–सह–सहायक के रिक्त पदों पर नियोजन हेतु बाह्य एजेंसी के द्वारा 13 मार्च से 17 मार्च, 2023 की अवधि में परीक्षा केन्द्रों पर ऑनलाईन लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। एजेन्सी के द्वारा वेबसाईट **bepeniyojan.in** पर उपर्युक्त सभी पांच पदों की जिलावार अंतिम रूप से तैयार मेधा सूची (पैनल) अपलोड की जा चुकी है। एजेन्सी के द्वारा इस जिले के द्वारा विभिन्न पदों के लिए उपलब्ध कराये गये रोस्टर बिन्दु के आधार पर पदवार औपबंधिक चयनित सूची तैयार की गयी है। इसका अवलोकन कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार शिक्षा परियोजना, शिक्षा भवन, करमगंज, दरभंगा (जिला स्कूल कैम्पस) के सूचना पट्ट से किया जा सकता है।

चयनित सूची में अंकित अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्रों का मिलान एवं सत्यापन के लिये नीचे अंकित शेड्यूल के अनुसार शिक्षा भवन, करमगंज, दरभंगा के सभा कक्ष में की जायेगी–

| क्रम संख्या | पद का नाम | तिथि एवं समय | प्रतिनियुक्त कर्मी का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 1. वार्डेन–सह–शिक्षिका<br>2. अंशकालिका शिक्षिका (भाषा)<br>3. लेखापाल–सह–सहायक | दिनांक 26.07.2023 को 10:30 बजे पूर्वाह्न से 4:00 बजे अपराह्न तक | 1. श्रीमति नूतन कुमारी लेखा सहायक<br>2. श्री अमरेश कुमार कार्यक्रम सहायक<br>3. श्रीमति सायरा खातून के0जी0बी0भी0, दरभंगा |
| 2 | 1. अंशकालिक शिक्षिका (विज्ञान एवं गणित)<br>2. अंशकालिक शिक्षिका (सामाजिक विज्ञान) | दिनांक 27.07.2023 को 10:30 बजे पूर्वाह्न से 4:00 बजे अपराह्न तक | 1. श्रीमति नूतन कुमारी लेखा सहायक<br>2. श्री अमरेश कुमार कार्यक्रम सहायक<br>3. श्रीमति सायरा खातून के0जी0बी0भी0, दरभंगा |

चयनित सूची में अंकित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त अंकित निर्धारित तिथि को शिक्षा भवन, करमगंज, दरभंगा के सभा कक्ष में उपस्थित होकर अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों का मिलान एवं सत्यापन कराना सुनिश्चित करें।

24/7/23

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
–सह–
सदस्य सचिव
नियोजन समिति, के0जी0बी0भी0, दरभंगा।